मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंकः 05, मुंबई, गुरुवार, 17 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# पायलट था, को-पायलट बना दिया... एकनाथ शिंदे का फिर छलका दर्द



## बोले- हमारी कुर्सी बदल गई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) व राकां (अजित पवार) के गठबंधन वाली महायुति सरकार के गठन को लगभग 4 महीने बीत चुके हैं लेकिन दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने का मलाल उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने मन से निकाल नहीं पा रहे हैं। अमरावती एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर कुर्सी बदलने का उनका दर्द एक बार फिर छलक उठा। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमसे पहले वाली महाविकास आघाड़ी सरकार के दौरान विकास की तमाम परियोजनाएं बंद कर दी गई थीं। लेकिन हम सत्ता में आए और राज्य का विकास एवं कल्याणकारी योजनाएं फिर शुरू हुईं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# मराठा आरक्षण पर बनेगी बात!



## सीएम फडणवीस और जरांगे की होगी मुलाकात, मंत्री सामंत ने रास्ता किया साफ

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन एक बार फिर चर्चा में आ गया है। आरक्षण की मांग को लेकर लंबे समय से सक्रिय नेता मनोज जरांगे अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं। विधानसभा चुनाव के बाद से यह मामला थोड़ा शांत था। हालांकि जनवरी में मनोज जरांगे ने फिर से आंदोलन शुरू किया था लेकिन सरकार पर इसका खास असर नहीं दिखा। अब एक बार फिर से मराठा आरक्षण को लेकर राज्य में हलचल तेज हो गई है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य की महायुति सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो पूरे राज्य में आंदोलन तेज किया जाएगा। जरांगे ने उदय सामंत के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। दरअसल, 16 अप्रैल को बीड दौरे पर आए महायुति सरकार के उद्योग मंत्री उदय सामंत छत्रपति संभाजीनगर जाते समय अचानक मनोज जरांगे से मिले।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# सीएम फडणवीस ने अमरावती एयरपोर्ट का किया उद्घाटन



## सबसे बड़े पायलट ट्रेनिंग स्कूल की दी सौगात, बोले- मुझ पर कर्ज है

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित अमरावती एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए इसे जिले के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए पहले विमान से वे स्वयं अमरावती पहुंचे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमरावती में दक्षिण-पूर्व एशिया का सबसे बड़ा पायलट प्रशिक्षण स्कूल शुरू किया जा रहा है, जिससे अमरावती जल्द ही विश्व मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)


# मुंह से छीन लिया निवाला...डूब जाएगा महाराष्ट्र!

## महायुति की चाल पर भड़के अबू आजमी, बोले- मतलब निकल गया

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन योजना को लेकर घमासान शुरू हो गया है। सरकार ने लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को प्रदान की जाने वाली राशि घटा दी है। इस मामले में विपक्ष ने सरकार पर हमला बोल दिया है। विपक्ष ने दावा कर दिया है कि इस योजना का बंद होना लगभग तय है। इस मामले में अब महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अबू आजमी भी कूद पड़े हैं। अबू आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अबू आजमी ने सरकार की जमकर आलोचना की है। अबू आजमी ने कहा लाडकी बहिन योजना उसी तरह है, जिस तरह चुनाव के लिए वोट खरीदे जाते है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### राशि 1500 रुपये प्रतिमाह से घटाकर किया 500

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने जिस खबर का हवाला देकर भाजपा पर निशाना साधा, उसमें कहा गया है कि इस योजना के तहत आठ लाख महिलाओं की सहायता राशि 1500 रुपये से घटाकर सिर्फ 500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। उधर, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की सरकार की लाडकी बहिन योजना जारी रहेगी और इसे खत्म करने का कोई सवाल ही नहीं है।

## हमारी बात

### मानसून से जुड़ी उम्मीदें

**मानसून औसत से ऊपर रहेगा। लेकिन यह बताना कठिन है कि सचमुच इस बार सामान्य से पांच प्रतिशत तक ज्यादा बारिश हुई भी, तो ऐसा ठीक किस महीने या पखवाड़े में होगा और किन क्षेत्रों में बारिश का कैसा बंटवारा रहेगा।**

मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार मानसून औसत से ऊपर रहेगा। यानी जून से सितंबर तक सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। विभाग के मुताबिक ऐसा होने की संभावना 89 प्रतिशत है। संभावना है कि उत्तरी बिहार, उत्तर-पूर्वी राज्यों और तमिलनाडु को छोड़ कर बाकी पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। ऐसे अनुमानों को सहज ही किसानों के लिए अच्छी खबर के रूप में पेश किया जाता है। परंपरागत समझ है कि बारिश ज्यादा होने पर खरीफ की बेहतर पैदावार होती है, जिससे किसानों की आय बढ़ती है। मगर हालिया तजुर्बा ऐसा नहीं है। पहली बात तो यह कि अभी यह नहीं मालूम है कि अगर सचमुच इस बार सामान्य से पांच प्रतिशत तक ज्यादा बारिश हुई, तो ऐसा ठीक किस महीने या पखवाड़े में होगा और किन क्षेत्रों में बारिश का कैसा बंटवारा रहेगा। मानसून के चार महीनों में किसी एक पखवाड़े में अति वृष्टि हो और बाकी समय लोग आसमान ताकते रहें, तो उससे खेती और उसके नियोजन में कोई मदद नहीं मिलती। फिर किसी एक क्षेत्र में ही खूब बारिश हो और बाकी कई इलाके सूखे रह जाएं, तो उससे भी कुल फसल पैदावार में कोई मदद नहीं मिलती। जलवायु परिवर्तन के गंभीर होते असर के साथ ऐसी प्रवृत्तियां आम हो गई हैं। जहां तक किसानों की समृद्धि का प्रश्न है, तो उनके फसल की मार्केटिंग और उचित न्यूनतम मूल्य प्राप्त होना सबसे बड़ी चुनौती हैं। फसल के सीजन में उत्पादों के दम गिर जाने और फिर बढ़ जाने की शिकायतें भी मौसम की असामान्यता की तरह आम हो गई हैं। इसलिए मानसून में अधिक बारिश की खबर से पैदा हुई उम्मीदों के बीच भी आशंकाओं की गुंजाइश बनी रहती है। पिछले वर्ष मानसून में बारिश सामान्य से आठ प्रतिशत ज्यादा हुई थी। उसके बावजूद कृषि क्षेत्र में कोई खास खुशहाली आई हो, इसके संकेत नहीं हैं। बहरहाल, यह भी अपने देश की बदहाली की ही मिसाल है कि आज भी हमारी खेती मानसून की मर्जी पर इस हद तक निर्भर है। यह कृषि क्षेत्र में बुनियादी निवेश के अभाव का भी एक जीता-जागता उदाहरण है।

# जिसके हलक में कानून की जुंबा, होंठों पर फर्ज की जिम्मेदारी, उसी को सुरज कुमार कहते हैं, काश ऐसे पुलिस पदाधिकारी!

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भले ही इस देश में कुछ खाकी के नुमाइंदे रिश्वत लेने व हवस के पुजारी एवं किसी भी मुकदमे में रुपए लेकर मुकदमे को कमजोर करने जैसे शर्मनाक कारनामों से कानून की रक्षक पवित्र खाकी वर्दी पर दाग लगा चुके हैं। हम ये नहीं कहते कि देश के कानून की पवित्र खाकी को धारण करने वाले सभी नुमाइंदे एक जैसे होते हैं, लेकिन हां वर्दी को जीवन में सबसे ज्यादा प्यार करने वाले कोई कोई बिरले व्यक्ति ही होते हैं जो अपने फर्ज.के खातिर वर्दी की लाज रखते हुए अपने दिल में वर्दी पर कुर्बान होने की चाहत रखते हैं। और यही नहीं वर्दी की गरिमा को दागदार होने से बचाने के लिए ऐसे ऐसे कार्यों को अंजाम दिया जिससे पुलिस डिपार्टमेंट ही नहीं पूरा देश अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता हैं। और यही नहीं पुलिस के चिर परिचित स्लोगन 'अपराधियों में खौफ - आमजन में विश्वास' को साकार किया हैं। आज हम पुलिस डिपार्टमेंट में कार्यरत एक ऐसे होनहार, जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ, जांबाज एएसआई सुरज कुमार बैरवा



से परिचय करवा रहे हैं जिनके नाम से हर पल अपराधी खौफजदा रहते हैं और जो पुलिस डिपार्टमेंट में अपनी कर्त्तव्यपरायणता से अनगिनत बार जिले एवं राज्य स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। मूलतः राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी कस्बे के रहने वाले सुरज कुमार बैरवा पिता रामलाल बैरवा उम्र 48 वर्ष नेगडिया कलां बस्सी जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) के रहने वाले सुरज कुमार बैरवा ने कोटा शहर में रहकर बायोलॉजी की। और अभी हाल ही में चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा कोतवाली थाने में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर कुशलतापूर्वक अपने कार्य को पूर्ण रुप से मुस्तैदी से अंजाम दे रहे हैं। सुरज कुमार बैरवा जीवन में अपने पिता पुलिस डिपार्टमेंट से सेवानिवृत्त हैड कांस्टेबल रामलाल बैरवा को अपना आदर्श मानते हैं। एएसआई सुरज कुमार बैरवा ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि वह हमेशा पुलिस डिपार्टमेंट में अपने पद पर रहते हुए ऐसे काम करना चाहते हैं कि उनके परिवार के साथ-साथ पूरे पुलिस डिपार्टमेंट का नाम रोशन हो। सुरज कुमार बैरवा ने बताया कि उनके पिता ने कहा कि जनता की निस्वार्थ सेवा ही ईश्वर सेवा है और वह इसमें हमेशा लगे हुए हैं। और उन्हें पुलिस डिपार्टमेंट में अपनी कर्त्तव्यपरायणता एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए अभी हाल ही में केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया है। और यही नहीं सुरज कुमार बैरवा द्वारा समय-समय पर स्थानीय विधालय में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम एवं अपराध के बारे में रोकथाम एवं सुरक्षा हेतु परामर्श एवं जानकारी दी जाती है। एएसआई सुरज कुमार बैरवा सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं। यही नहीं सुरज कुमार बैरवा अपने पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का भी आयोजन करते हैं। जिसके चलते विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित किया गया है। हम आपको बता दें कि उनके क्षेत्र में चोरी, नकबजनी, लूट या कोई भी संगीन अपराध हो ऐसे मुकदमे सुलझाने में उन्हें महारत हासिल है। जिसके चलते कोई भी अपराधी हमेशा खौफजदा रहते हैं। हम आपको बता दें कि सुरज कुमार बैरवा अपने कानूनी कार्यक्षेत्र में कभी अस्त नहीं होने वाले उस शख्स का नाम है जिसके कार्यों को देखकर पूरे पुलिस डिपार्टमेंट को हमेशा फक्र है और रहेगा। काश ! पुलिस डिपार्टमेंट में सुरज कुमार बैरवा जैसे होनहार, जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार व अपने कार्य को मुस्तैदी से अंजाम देने वाले पुलिसकर्मी मिल जाए तो पुलिस डिपार्टमेंट की कायापलट होने में रति भर भी देर नहीं लगेगी।

# स्मार्ट मीटर लगाए गए तो जल संघर्ष समिति ने दिया आंदोलन का इशारा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** तहसील कडेगांव के जल संघर्ष समिति कड़ेगाव अन्याय के विरोध में आम जनता के साथ हमेशा खड़ी रहती हैं,और आज जल संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि मई माह में कडेगांव शहर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाना शुरू हुआ तो महावितरण कंपनी कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन करने का दिया इशारा। प्रदेश के हर घर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जनता के विरोध के बावजूद, महावितरण के ठेकेदार जनता को सूचित किए बिना,कोई जानकारी दिए बिना मीटर लगा रहे हैं। इस मीटर से बिजली का बिल दोगुना होने की संभावना है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को भविष्य में इस मीटर की कीमत जो 12,000 रुपये है,



चुकानी पड़ सकती है। राज्य सरकार ने चुनाव से पहले बिजली बिलों में 30% की कमी करने का वादा किया था, लेकिन अगर बिजली बिलों में 30% की कमी किए बिना स्मार्ट मीटर लगाए गए, तो इसका कड़ा विरोध होगा और महावितरण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। यदि महावितरण भविष्य में स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड मीटर बनाता है तो उन्हें मोबाइल फोन की तरह रिचार्ज करना होगा। अगर गरीब लोग समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करेंगे तो उन्हें अंधेरे में बैठना पड़ेगा जल संघर्ष समितिअध्यक्ष डी.एस. देशमुख ने कहा। जल संघर्ष समिति की मीटिंग में स्मार्ट मीटर से ग्रामीण क्षेत्र वासियों को भविष्य में अनेक समस्याओं का सामना ना करना पड़े, आज भी ऐसे अनेक परिवार हैं, जिन्हें ऑनलाइन की कोई जानकारी नहीं है, आम आदमी की परेशानी देख जल संघर्ष समिति की बैठक में इस स्मार्ट मीटर का विरोध करने का निर्णय लिया गया। उस वक्त जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष डी.एस. देशमुख, जल संघर्ष समिति संयोजक अभिमन्यु वरुडे, समिति पदाधिकारी सिराज पटेल, सुनील गढ़वे, संतोष डांगे, भाऊसाहेब यादव, जीवन करकटे, बजरंग अडसुल, संजय ताड़सरे, शशिकांत रसकर, रघुनाथ गायकवाड उपस्थित थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# घर के सामने खेल रही मासूम को कार ने रौंदा

## हादसे में चाचा भी घायल, मानकापुर में शराबी चालक ने बरपाया कहर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नागपुर।** उपराजधानी में फिर एक दिल दहला देने वाली घटना मानकापुर के गोधनी क्षेत्र से सामने आई, जिसमें घर के सामने खेल रही 9 साल की मासूम को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई है। वहीं, इस हादसे में मासूम के चाचा भी घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि चालक नशे में अपने वाहन को चला रहा था, जिस कारण यह हादसा हो गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक बच्ची का नाम मायरा अशफाक शेख (9 वर्ष) है। वहीं, मायरा को बचाने आए उसके चाचा मुख्तार शेख (40) मामूली रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब तीन बजे गोधनी कॉम्प्लेक्स के आगे मायरा अपने घर के सामने खेल रही थी। इस दौरान वाहन चालक प्रमोद जनार्दन वानखेड़े (गोधनी) अपनी कार तेज गति से चलाते हुए मायरा को सीधे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई और कुछ ही क्षणों में उसकी मृत्यु हो गई। उसके चाचा को भी एक कार ने टक्कर मार दी थी। हालांकि, उन्हें मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### गुस्साई भीड़ ने आरोपी की पिटाई

दुर्घटना के बाद आरोपी चालक घटनास्थल से भागने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, स्थानीय नागरिकों ने समय रहते हस्तक्षेप कर उसे पकड़ लिया। गुस्साई भीड़ ने आरोपी की पिटाई की और फिर उसे मानकापुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। मायरा के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेयो अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा, संदेह है कि आरोपी चालक नशे में था। हालांकि, इस बारे में निश्चित जानकारी मेडिकल जांच के बाद ही दी जाएगी, यह पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है।


### बाइक क्षतिग्रस्त, घर का भी नुकसान

वाहन से नियंत्रण छूटने पर तेज गति से आ रहे चौपहिया वाहन के चालक ने इलेक्ट्रिक पोल को टक्कर मारते हुए पास में खड़ी बाइक क्र. एमएच-40/एए-2651 को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ दूर जाकर कार एक कच्चे घर से टकरा गई। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ घर को भी नुकसान पहुंचा। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि घर से टकराने के बाद आरोपी चालक ने अपने घर के सामने खेल रही मायरा को रौंद दिया। गंभीर अवस्था में बच्ची को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### तेज गति और लापरवाही से चलाया वाहन

घटना की सूचना मिलने पर मानकापुर थाने की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे मायरा अपने घर के सामने खेल रही थी। इस बीच चौपहिया वाहन क्र. एमएच-14/ईसी-4741 का चालक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए इलाके से गुजर रहा था। अचानक चालक का कार से नियंत्रण छूट गया।

# ॲड. गौरी छाबड़िया को भारतीय मार्शल आर्ट की महाराष्ट्र राज्य महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** ॲड. गौरी छाबड़िया को भारतीय मार्शल आर्ट संगठन द्वारा महाराष्ट्र राज्य महिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके सामाजिक, राजनीतिक, खेल और शैक्षणिक क्षेत्रों में सक्रिय योगदान को देखते हुए की गई है। संगठन ने विश्वास जताया है कि गौरी छाबड़िया अपने नए पद की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और जागरूकता के साथ निभाते हुए संगठन के विजन को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगी। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि वे मार्शल आर्ट के प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगी और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देंगी। उनकी इस नियुक्ति पर संगठन के सभी सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मराठा आरक्षण पर बनेगी बात!

इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है। बैठक के बाद उदय सामंत ने कहा कि मनोज जरांगे की मांगों को लेकर 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक की जाएगी। इस मुलाकात के बाद मराठा आरक्षण को लेकर कुछ हल निकलने रास्ता साफ हो सकता है। हालांकि मनोज जरांगे सीएम देवेंद्र फडणवीस पर लगातार हमलावर है। वह फडणवीस को ही मराठा आरक्षण के बीच का रोड़ा बता चुके हैं। ऐसे में यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। गौरतलब है कि मनोज जरांगे पिछले दो साल से मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले भूख हड़ताल के दौरान सरकार ने उन्हें कुछ आश्वासन दिए थे, लेकिन अब उन आश्वासनों की समय सीमा समाप्त हो गई है। ऐसे में जरांगे एक बार फिर सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

### मुंह से छीन लिया निवाला...डूब जाएगा महाराष्ट्र!

अबू आजमी ने अपनी पोस्ट में लिखा, मतलब निकल गया तो जानते नहीं, ऐसे जा रहे है जैसे पहचानते नहीं! लाडकी बहन योजना के लिए पात्रता की जांच पहले क्यों नहीं की गई? यह जग जाहिर है की लाडकी बहन योजना महायुति सरकार की चुनावी चाल थी। सरकारी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया, यहां तक की मासूम बच्चों के मुंह से निवाला भी छीन लिया गया। अबू आजमी ने आगे अपनी पोस्ट में धोखाधड़ी की आरोप लगाते हुए लिखा, जनता के साथ ऐसी खुली धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। इसी तरह अगर सरकारें बनने लगे तो राज्य कर्ज में डूब जाएगा और सरकारी खजाना कंगाल हो जाएगा।

### सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अमरावती एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

अब हर साल अमरावती से 180 पायलटों को प्रशिक्षित किया जाएगा और लगभग 34 विमान खड़े किए जाएंगे। ये विमान प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। पायलट प्रशिक्षण स्कूल के आगमन से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। नौकरियां बढ़ेंगी। मोदी सरकार के कार्यकाल में मिली यह एक बड़ी सौगात है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन एवं पूर्व सांसद व भाजपा नेता नवनीत राणा उपस्थित थे। लंबे इंतजार के बाद अमरावती हवाई अड्डा अब आम जनता के लिए खोल दिया गया है।

### पायलट था, को-पायलट बना दिया...

मैं उस विमान का पायलट था। उस समय देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार मेरे को-पायलट थे। लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद देवेंद्र फडणवीस हमारे पायलट बन गए हैं और अजित पवार के साथ मुझे विमान को को-पायलट बना दिया गया है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछली सरकार (उद्धव ठाकरे की महाविकास आघाड़ी) के कार्यकाल में विकास की सभी परियोजनाएं ठप हो गई थीं। उन्होंने हर जगह स्पीड ब्रेकर लगा दिए थे। लेकिन सत्ता में आने के बाद हमने सभी स्पीड ब्रेकर हटा दिए। महायुति सरकार के शासनकाल में राज्य की प्रगति हुई है। भले ही हमारी कुर्सी बदल गई हो, लेकिन विकास के धरातल पर यह प्रगति अभी भी जारी है।

# ठाणे में 7 मंजिला इमारत में लगी आग, 95 बिजली मीटर जलकर खाक

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। सात मंजिला आवासीय बिल्डिंग में अचानक आग लग गई और पूरी इमारत में धुआं ही धुआं हो गया। इसके बाद बिल्डिंग के हड़कप मच गया। तुरंत दमकल विभाग में फोन करके इसकी जानकारी दी गई। जिसके कुछ देर आग पर काबू पालिया गया। सात मंजिला आवासीय इमारत के बिजली मीटर कक्ष में गुरुवार सुबह भीषण आग लगने से बिजली के 95 मीटर जलकर खाक हो गए। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि दिवा-अगासन रोड पर धर्मवीर नगर में सावित्रीबाई फुले



इमारत में हुई इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण पूरी इमारत में धुआं फैल गया, जिससे वहां के लोगों में दहशत फैल गई और उनमें से कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। दिवा अग्निशमन केंद्र के दमकल कर्मियों को तड़के सवा पांच बजे आग लगने की सूचना मिली। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के कोशिशें शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक दमकल कर्मियों ने सुबह सवा छह बजे तक आग पर काबू पा लिया था। आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि आग इमारत के भूतल पर स्थित मीटर कक्ष में लगी थी। उन्होंने बताया कि आग में बिजली के 95 मीटर जलकर खाक हो गये, जिसके बाद सुरक्षा कारणों से इमारत की बिजली आपूर्ति तुरंत काट दी गई। बताया गया कि जांच के बाद ही आग लगने के सही कारणों को पता चल सकेगा।

# बाकानेर में पागल कुत्तीया ने पांच लोगों को काटा




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बाकानेर।** धार जिले के मनावर तहसील के नगर बाकानेर में 16 अप्रैल सुबह 9:30 बजे पागल काली कुत्तिया श्वान ने 5 लोगों को काटा यह पांच लोग जिनमें पत्रकार, किसान,शासकीय कर्मचारी, मजदूर और छात्र है, प्रेस क्लब अध्यक्ष विश्वजीत सेन, शासकीय चौकीदार, शेखर राठौड़, किसान फाटला धनगर, मजदूर रोहित, छात्र यश सभी का उपचार ब्लाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाकानेर में विकासखंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप कुमार नाग मेडिकल ऑफिसर वीरेंद्र धारवे के मार्गदर्शन में डॉक्टर पवैया द्वारा किया गया रेबीज और टिटानिस का इंजेक्शन स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीमा दीदी द्वारा लगाया गया पांचो खतरे से बाहर है इन दिनों गर्मी का तापमान भी 40 से 42 हम सभी को सावधान कर रहे हैं अपने और अपने परिवार का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप

### बर्क का न्यायिक जांच आयोग में बयान दर्ज

**लखनऊ।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के मामले में आरोपी सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क



बुधवार को न्यायिक जांच आयोग के सामने बयान दर्ज कराने के लिए लखनऊ पहुंचे। आयोग ने उन्हें और एक विधायक के बेटे को आयोग के लखनऊ स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था। बर्क ने कहा, जवाब देना मेरा कर्तव्य है।

### मणिकर्णिका में रील के चक्कर में बही महिला

**मणिकर्णिका।** उत्तरकाशी के मणिकर्णिका में रील बनाते वक्त एक महिला भागीरथी नदी में बह



गई। हादसे के वक्त महिला की मासूम बच्ची 'मम्मी-मम्मी... चिल्लाती रही। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। 14 अप्रैल को मणिकर्णिका में महिला नदी में डूब गई। नेपाली मूल की विशेषता घाट पर गई थी। रील के चक्कर में नदी में डूब गई।

### घर गिराने के बाद नगर निगम ने मांगी माफी

**नागपुर।** सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिदायत दी थी कि



कोई भी कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया अपनाए बगैर नहीं की जा सकती। मगर नागपुर नगर निगम ने दंगा आरोपी फहीम खान का दो-मंजिला मकान गिरा दिया। नगर निगम ने बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच के सामने माफी मांग ली है।

### त्रिनेत्र गणेश मंदिर में बच्चे को ले गया बाघ

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध त्रिनेत्र



गणेश मंदिर से एक दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दोपहर 3 बजे दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया, जब एक बाघ जंगल से निकलकर आया और 6 साल के मासूम को उठाकर ले गया।

---

### जमीन खरीद मामले में दूसरे दिन ईडी के सामने पहुंचे वाड्रा, बोले

# राजनीतिक 'प्रतिशोध' के तहत की जा रही कार्रवाई, सब वक्त का खेल, समय बदलेगा

**उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को भी रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। लगातार दूसरे दिन पूछताछ से पहले जानेमाने कारोबारी ने बुधवार को कहा कि वह इन सबके लिए बहुत मजबूत हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए एक सियासी कार्टून भी पोस्ट किया।इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही है। हमारे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। सब वक्त का खेल है, समय बदलेगा। उन लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं हूं। मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। मुझे कोई दिक्कत नहीं है, आप जितनी चाहें उतनी एजेंसियों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब इसकी जांच हुई तो प्रशासन ने पाया कि कुछ भी गलत नहीं हुआ। खट्टर जी ने मुझे उसी मामले में क्लीन चिट दे दी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि 7 साल बाद फिर मुझसे पूछताछ क्यों हो रही है?

**गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में बयान दर्ज**

**मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं**



#### मैं निर्दोष, सत्य की जीत होगी

वाड्रा ने कहा कि वह निर्दोष हैं और सत्य की जीत होगी। वाड्रा ने फेसबुक पर पोस्ट किया कि मेरे जन्मदिन के सप्ताह के दौरान की जा रही सेवाएं कुछ दिनों के लिए रोक दी गई है। मैंने बुजुर्गों को भोजन कराने और बच्चों को उपहार देने की जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें मैं तब तक जारी रखूंगा, जब तक कि सरकार मुझे अच्छे काम करने और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके अन्यायपूर्ण व्यवहार के बारे में बोलने से नहीं रोकतीष।

#### ये झूठा मामला : गहलोत

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई पर कहा, देश में इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, जैसे कोई बहुत बड़ा घोटाला हो गया है। भाजपा बार-बार लोकतंत्र की हत्या करने के काम करते हैं। ये बहुत खतरनाक है। ईडी पहले भी जांच कर चुकी है। क्लीन चिट भी मिल चुकी है। अब फिर से मामला शुरू कर दिया। ये झूठा मामला है, इसमें कोई दम नहीं है।

#### ईडी ने पहली बार की ऐसी कार्रवाई

*यह संभवतः पहली बार है, जब ईडी का धनशोधन मामला अधीनस्थ अदालत द्वारा एक निजी शिकायत का संज्ञान लेने और उसके बाद मुकदमा शुरू करने के लिए आरोपियों को समन जारी करने से उपजा है। एजेंसी आमतौर पर पीएमएलए के तहत, अधिनियम की अनुसूची ए और बी में सूचीबद्ध अपराध का संज्ञान लेती है।*

**कांग्रेस ने देशभर में किया प्रदर्शन**

#### एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा विरोधियों को दबाया जा रहा





ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड से जुड़े केस में चार्जशीट दाखिल की है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है किसरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस राज्य मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के सामने,राज्यों में जिला स्तर पर केंद्र के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसके बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस भी वहां पहुंच गई है और कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।

**ये बोले कांग्रेस नेता**

#### एजेंडा सिर्फ विपक्ष को परेशान करना: प्रतापगढ़ी

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में अब पार्टी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी के जरिए लड़ाई को कोर्ट तक ले जाया गया है, उसकी मंशा सिर्फ विपक्ष को परेशान करने की है। गुजरात में सत्र होता है, राहुल गांधी मोडासा पहुंचते हैं और यहां चार्जशीट दाखिल हो जाती है। आप क्रोनोलॉजी समझिए।

**यह राजनीति से प्रेरित मामला: पायलट**

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला है। हमें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। हम कानूनी रूप से इसका मुकाबला करेंगे।

#### मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं: वाड्रा

वाड्रा ने आरोप लगाया कि संघीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले जिन सवालों के जवाब दिए हैं, उन सभी के जवाब फिर से देने पड़ रहे हैं। कोई मुद्दा ही नहीं है।

---

### नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर चला

# भीड़ और पुलिस में भिड़ंत 21 घायल, 15 लोग अरेस्ट



मुंबई हलचल / नाशिक

महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटाने का आदेश दिया था। नासिक के पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक सतपीर दरगाह के ट्रस्टियों ने मंगलवार रात को ढांचे को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। उस्मानिया चौक पर भीड़ जमा हो गई।

#### उपद्रवियों के पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त

पुलिस अधिकारियों ने भी उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनकी बात भी नहीं मानी। उपद्रवियों ने पथराव किया और कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। हमले में तीन पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दरगाह को सुबह ध्वस्त कर दिया गया। संदिग्धों की 57 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

#### 50 एनएमसी कर्मियों ने की कार्रवाई

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह नगर निगम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान लगभग 50 एनएमसी कर्मियों ने 4 मिट्टी खोदने वाली मशीनों, 6 ट्रकों और 2 डंपरों से मलबा हटाया। इससे पहले फरवरी में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने दरगाह के निकट कई अनधिकृत संरचनाओं को हटा दिया था। नासिक सेंट्रल की विधायक देवयानी फरांडे ने भी कहा था कि पूरे स्थल को साफ किया जाना चाहिए।

---

### भाजपा ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर ममता को घेरा, मनाया शहीद दिवस

# हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं: सुवेंदु

**ममता हिंदुओं की बलि चढ़ाना चाह रहीं**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए हिंदू परिवार को श्रद्धांजलि देते हुए, भाजपा ने कोलकाता में राज्य विधानसभा के बाहर हिंदू शहीद दिवस मनाया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पार्टी विधायकों की सभा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू आबादी भावुक है, यह दुखद है। पूरा राज्य सड़कों पर है और हिंदू शहीद दिवस मना रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता को पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें जेल जाना चाहिए। हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं। भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं हैं।

हम बार-बार कह रहे थे कि हमारे राज्य में हिंदू विरोधी सरकार सत्ता में आ गई है। ममता बनर्जी असली मुसलमानों से भी ज्यादा मुस्लिम बनने की अपनी हरकतों से हिंदुओं की बलि चढ़ाना चाहती हैं।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुस्लिम मौलवियों के साथ बैठक पर सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि यह एक सम्मानित बैठक थी। ये लोग दंगाई हैं। ममता बनर्जी उन्हें दिल्ली जाने और दिल्ली बंद करने के लिए उकसा रही हैं। दिल्ली जाने के लिए आपको उत्तर प्रदेश से होकर जाना होगा। ममता बनर्जी दिल्ली, बिहार और यूपी में सत्ता में नहीं हैं। वहां नीतीश कुमार और योगी आदित्यनाथ हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बीएसएफ, केंद्रीय बलों, वर्दीधारी बलों, सशस्त्र बलों को गाली देना टीएमसी की संस्कृति का अभिन्न अंग बन गया है। वे सेना, सीएपीएफ, सीआरपीएफ, एनएसजी, एनएसए, एनआईए और सभी एजेंसियों को गाली देते हैं और यह उनकी पुस्तिका बन गई है।न्यायालय ने कहा है कि मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बल तैनात किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें बंगाल पुलिस पर कोई भरोसा नहीं है, कि ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद से यह राजनीतिक हिंसा के लिए संस्थागत हो गई है। यह केवल दंगाइयों को बचाने और उनका बचाव करने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि हम जानते हैं कि यह राज्य प्रायोजित हिंसा है, हिंदुओं पर राज्य प्रायोजित लक्षित हमले हो रहे हैं। रविशंकर प्रसाद ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या उनकी सरकार बुनियादी मानवीय मूल्यों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो गई है।

---

### मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक में बोलीं ममता

# भाजपा समाज को बांट रही, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, यहां हिंसा पूर्व नियोजित थी

## वक्फ पर बंगाल के कई शहरों में हिंसा, प्रदर्शन और हमले

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मौलवियों और मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। यह बैठक वक्फ संशोधन अधिनियम के संबंध में थी। बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुई। ममता ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन भाजपा समाज को बांट रही है।

#### भाजपा ने रामनवमी पर हिंसा की योजना बनाई थी



ममता ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई थी, लेकिन वह विफल रही। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी। हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के बाद उसके लाए गए सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मगुरु लोगों के पास जाएं, एकता का संदेश दें।

**योगी पर की अभद्र टिप्पणी**

बेनर्जी ने वक्फ एक्ट को लेकर इमामों के साथ एक बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है। योगी ने मंगलवार को ममता पर तीखा हमला बोला था।

---

### विश्व की दो आर्थिक महाशक्तियों के बीच थम नहीं रहा टैरिफ वार

# यूएस ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में 245% शुल्क लगाने का किया ऐलान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

**चीन बोला- इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहते, लेकिन इनसे डरते भी नहीं**

**अमेरिका बोला- विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता से तकनीकी नवाचार खतरे में**

विश्व की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच टैरिफ वार थमता नहीं दिख रहा है। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान कर रखा है। अब अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर पहले घोषित 145% की जगह 245% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। दस्तावेज में ट्रंप के उस दावे का हवाला दिया गया है कि 'विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता' और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रंप ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

#### चीन ने दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर लगाए प्रतिबंध



*ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में कहा गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।*

**ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे**

*245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को 'विशिष्ट कर दर के आंकड़े' के बारे में बताना चाहिए। लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी थी। उस दौरान, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी अमेरिका से अपील है कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए।*

#### टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता

*जियान ने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से 'उचित और कानूनी' हैं। टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।*

#### डब्ल्यूएचओ में मामला दर्ज

चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूएचओ) में भी अमेरिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बातचीत बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

---

### कांग्रेस ने किया केंद्र पर बड़ा हमला, बोले- सिंघवी और जयराम

# 'मेक इन इंडिया' फेल, ये 'फेक इन इंडिया' चला रहे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में आई तेजी ने राजनीति में एक बार फिर हलचल मचा दी है। कांग्रेस ने जहां सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कथित रूप से फंसाने के खिलाफ देशभर में ओदोलन किए, वहीं पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और अभिषेक मनु सिंघवी ने मोर्चा संभाला। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र पर तीखा हमला बोला। ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम दर्ज करने को राजनीतिक प्रतिशोध और झूठा नैरेटिव करार दिया है।

पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील



अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले को वास्तविक अर्थों में प्रतिशोध बताया। उन्होंने कहा कि ईडी एक फर्जी नैरेटिव बना रही है कि मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। सिंघवी ने तर्क दिया कि एजेएल एक पुरानी कंपनी है, जो सफल नहीं हो सकी। कांग्रेस ने इसे 50 साल में अलग-अलग समय पर ऋण दिए और इसमें कोई अवैधता नहीं है। उन्होंने पहले भी कहा था कि यह मामला सरकार द्वारा अतिसंवेदनशील बनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य राजनीतिक विरोधियों को परेशान करना है। सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में सोनिया और राहुल को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी थी, जो उनके लिए बड़ी राहत थी।

जयराम ने इस मामले को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध और डराने-धमकाने की नीति करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई देश का ध्यान आर्थिक संकट, अमेरिकी टैरिफ, चीन और बांग्लादेश के साथ तनाव जैसे मुद्दों से हटाने के लिए की जा रही है। रमेश ने इसे फर्जी नैरेटिव बताया और कहा, जब 'मेक इन इंडिया' फेल हो गया, तो ये लोग 'फेक इन इंडिया' चला रहे हैं।

#### नेशनल हेराल्ड मामला

नेशनल हेराल्ड अखबार, जिसकी स्थापना 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने की थी, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा प्रकाशित होता था। 2008 में वित्तीय संकट के कारण यह बंद हो गया। इस मामले में आरोप है कि कांग्रेस ने एजेएल को ऋण दिया, जिसे बाद में यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (वाईआई) ने अपने कब्जे में ले लिया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी, जो यंग इंडियन में 38-38 फीसदी शेयरधारक हैं, पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए हैं। ईडी का दावा है कि एजेएल की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अवैध रूप से हस्तांतरित किया गया, जिसमें दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में संपत्तियां शामिल हैं। 11 अप्रैल 2025 को, ईडी ने इन संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की, और 15 अप्रैल 2025 को सोनिया गांधी (आरोपी नंबर 1), राहुल गांधी (आरोपी नंबर 2) और अन्य के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत चार्जशीट दायर की। विशेष अदालत इस चार्जशीट पर 25 अप्रैल 2025 को सुनवाई करेगी।

### कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही

# यूटिलिटी वाहनों की मांग से यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड 43 लाख के पार: सियाम

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों का आंकड़ा पार कर गई। कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

■ उद्योग निकाय सियाम ने दी जानकारी

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 43,01,848 इकाई हो गई। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी। सियाम के अनुसार, यूटिलिटी वाहनों ने वृद्धि को गति देना जारी रखा। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अपना अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। निर्यात में वृद्धि देश में निर्मित होने वाले वैश्विक मॉडल की मांग से प्रेरित रही।



### तिपहिया वाहनों की बिक्री सात फीसदी रही

पिछले वित्त वर्ष में कुल वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री एक प्रतिशत घटकर 9,56,671 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 9,68,770 इकाई थी। इसी अवधि में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 6,94,801 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 7,41,420 इकाई हो गई।

### उद्योग ने स्थिर प्रदर्शन जारी रखा

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, "भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपना स्थिर प्रदर्शन जारी रखा, जो अच्छी मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, सहायक सरकारी नीतियों और टिकाऊ परिवहन पर निरंतर जोर से प्रेरित रहा।" सभी श्रेणियों में पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2,38,57,411 इकाई से सात प्रतिशत बढ़कर 2,56,07,391 इकाई हो गई।

### यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी

वित्त वर्ष 2024-25 में कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 27,97,229 इकाई हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में, यात्री कारों की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई।

### दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री में नौ फीसदी इजाफा

गत वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,96,07,332 इकाई हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,79,74,365 इकाई थी। सियाम ने कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और उपभोक्ता विश्वास में पुनरुत्थान से इस क्षेत्र को उबरने में मदद मिल रही है।

### पड़ोसी देशों में निर्यात मांग जारी रही

यात्री वाहनों की थोक बिक्री मार्च महीने में 3,81,358 इकाई रही, जो मार्च 2024 के 3,68,090 वाहनों से चार प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, सियाम ने बताया कि अफ्रीका और पड़ोसी देशों जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात मांग जारी रहने की संभावना है, क्योंकि 'मेड इन इंडिया' वाहनों का चलन बढ़ रहा है।

# देश में पुलिस सिस्टम की हालत चिंताजनक 23% पद खाली, 17% थानों में नहीं एक भी CCTV

**नई दिल्ली।** इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, देश में पुलिस विभाग में 23% पद खाली हैं। इसके चलते 2023 में प्रति एक लाख आबादी पर सिर्फ 155 पुलिसकर्मी ही तैनात थे, जबकि मानक 197 का है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि 17% थानों में एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है, जबकि प्रत्येक थाने में औसतन 12-13 कैमरे होने चाहिए। 83% थानों में भले ही कैमरे हैं, लेकिन कई में सिर्फ एक ही कैमरा लगा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पुलिस बल में 17% अनुसूचित जाति, 12% अनुसूचित जनजाति और 31% ओबीसी वर्ग के लोग कार्यरत हैं। राज्यों की ओवरऑल रैंकिंग में कर्नाटक पहले और पश्चिम बंगाल आखिरी स्थान पर है। यह रिपोर्ट पुलिस, जेल और न्यायपालिका की स्थिति को आंकड़ों के आधार पर दर्शाती है, जिससे सुधार की दिशा तय की जा सके। देश में पुलिस बल में वरिष्ठ महिला अफसरों की



संख्या अंगुलियों पर गिन सकते हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 20.3 लाख पुलिस बल में सुपरिंटेंडेंट और डीजी स्तर पर एक हजार से भी कम महिला वरिष्ठ अधिकारी कार्यरत हैं। पुलिस बल में कार्यरत कुल महिलाकर्मियों का 90 प्रतिशत हिस्सा कांस्टेबल स्तर का है। टाटा ट्रस्ट सहित कुछ संस्थाओं की ओर से तैयार इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (आईजेआर) 2025 में न्याय व्यवस्था के मोर्चे पर जारी रैंकिंग में दक्षिणी राज्य अव्वल हैं। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जहां नंबर 1 और 2 हैं, वहीं राजस्थान 14वें, मध्य प्रदेश सातवें और छत्तीसगढ़ छठे स्थान पर हैं। राजस्थान में पुलिस अफसरों के 50 प्रतिशत पद खाली हैं, हालांकि, राज्य में न्यायपालिका में सर्वाधिक सुधार हुआ है। आईजेआर में एक करोड़ से अधिक आबादी वाले 18 बड़े और मध्यम राज्यों की रैंकिंग जारी हुई है।

पुलिस बल में देश में कुल करीब 2.43 लाख महिला कर्मियों में से केवल 960 अधिकारी आईपीएस रैंक की हैं। गैर आईपीएस श्रेणी के अधिकारियों के करीब 3.10 लाख पदों में केवल 24,322 महिलाएं हैं। कांस्टेबल और हैडकांस्टेबल के 17.24 लाख पदों में से मात्र 2.17 लाख महिलाएं कार्यरत हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर हुआ भव्य मेडिकल कैंप का आयोजन, सैकड़ों जरूरतमंदों ने लिया लाभ

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता, समानता और कर्तव्यनिष्ठा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु एक भव्य मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। यह आयोजन पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने वाली, समाजसेवा में समर्पित और जुझारू महिला मिस पीहू चौहान जी एवं बॉस फाउंडेशन के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमदार श्री सुनील प्रभु जी, धड़क कामगार यूनियन के प्रमुख श्री अभिजीत राणे जी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अजय एल दुबे जी, वरिष्ठ समाजसेवक श्री रामकुमार पाल जी, और सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुनील परशुराम पुरिया जी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस चिकित्सा शिविर में कैंसर की जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य कई स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। सैकड़ों जरूरतमंद लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की। इस नेक और सराहनीय पहल के लिए मिस पीहू चौहान जी और उनकी पूरी टीम को ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दी गई। इस आयोजन ने समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सेवा के भाव को और अधिक मजबूती प्रदान की।














दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# शरवरी की डॉन 3 में एंट्री

रणवीर सिंह को लेकर बनने वाली फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 से बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस फाइनल कर ली गई है। कियारा आडवाणी की जगह अब इस फिल्म में शरवरी वाघ नजर आएंगी। कियारा आडवाणी ने प्रेगनेंसी अनाउंस करने के बाद फिल्म से दूरी बना ली थी, उसके बाद से लगातार यह चर्चा हो रही थी कियारा आडवाणी के बाद इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ लीड एक्ट्रेस कौन होगी। अब शरवरी वाघ का नाम फिल्म के लिए सामने आया है। इससे पहले डॉन फ्रेंचाइजी की फिल्मों में शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आयी थी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक शरवरी वाघ को डॉन 3 फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। रणवीर सिंह की फिल्म में अब कियारा आडवाणी की जगह शरवरी वाघ उनके साथ अहम भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि फिल्म में शरवरी की एंट्री को लेकर एक्ट्रेस या मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई औपचारिक जानकारी अब तक नहीं दी गई है। शरवरी वाघ की फिल्मों की अगर बात करें तो वो मुंज्या, वेदा और महाराज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी है। बंटी और बबली 2 में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।



# अनन्या बनीं फ्रेंच ब्रांड चैनल की ब्रांड एंबेसडर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बुधवार को कुछ फोटोज शेयर किया है। अनन्या पांडे को फ्रेंच लग्जरी फैशन ब्रांड चैनल की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया है। 26 वर्षीय अनन्या पांडे इस प्रतिष्ठित लेबल के साथ यह पद पाने वाली एकमात्र भारतीय भी हैं, जिसकी स्थापना 1910 में गैब्रिएल कोको चैनल ने की थी। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने नई यात्रा के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। अनन्या पांडे ने लिखा कि चैनल के साथ अपनी यात्रा के लिए बेहद आभारी और उत्साहित हूं। भारत के लिए और भारत से पहली ब्रांड एंबेसडर। सपने सच होते हैं। पिछले साल पेरिस फैशन वीक के दौरान चैनल स्प्रिंग-समर शो में अपनी उपस्थिति के बाद उनकी नियुक्ति हुई है। उन्होंने डिजाइनर राहुल मिश्रा के सुपरहीरोज संग्रह के लिए रैंप वॉक किया था, जो प्रतिष्ठित फैशन इवेंट में उनकी पहली प्रस्तुति थी। इस बीच, काम के मोर्चे पर, अभिनेत्री को आखिरी बार केसरी चैप्टर 2 में देखा गया था, जिसमें अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में हैं। केसरी चैप्टर 2 को 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाएगा, जो इसके पूर्ववर्ती की सफलता के बाद है, जो 2019 में सारागढ़ी की लड़ाई पर केंद्रित था। मूल केसरी फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने अभिनय किया था और 1897 की लड़ाई में 21 सिख सैनिकों की वीरता को उजागर किया था।

# अमिताभ बच्चन ने युवा पीढ़ी के संस्कार पर की बात

**मेगास्टार अमिताभ बच्चन** ने हाल ही में आज की तेजी से बदलती दुनिया में संस्कार के महत्व पर अपने विचार शेयर किए। हाल ही में एक ब्लॉग पोस्ट में, अमिताभ बच्चन ने पारंपरिक मूल्यों के लुप्त होने के बारे में अपनी चिंताओं के बारे में खुलकर बात की और युवा पीढ़ी को नैतिक और सांस्कृतिक सबक देने की जरूरत पर जोर दिया।अपनी पोस्ट में, बिग बी ने लिखा कि हर सीख एक दिन की तरह है। युवा से, नए से, इस पीढ़ी से, किसी भी दूसरी पीढ़ी से एक सीख जो अपने मूल्य के महत्व को दर्शाती है। मूल्य एक भौतिक अस्तित्व को व्यक्त करता है, नहीं, वह मूल्य नहीं। अंगिपथ अभिनेता के अनुसार, मूल्य वह हैं जो जीवन लाता है, जिसे हम लागू करते हैं या नैतिक और सुविचारित मानदंड मानते हैं। बच्चन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपने दृष्टिकोण, व्यवहार और मार्गदर्शन के माध्यम से हमें जो संस्कार दिए और सिखाए संस्कार, जन्मजात क्षमता की शक्ति। एक परिष्कार, एक अलंकरण। कैसे, कब और कहां का आचरण। अभिनेता ने संस्कार के बारे में बात करते हुए इसे ऐसी शक्ति के रूप में वर्णित किया जो हमारे व्यवहार का मार्गदर्शन करती है। बच्चन ने आगे कहा कि यह अस्तित्व के अंत तक अंतहीन रूप से सांस लेता है। न केवल मनुष्य का, बल्कि सभी प्राणियों का, जिसमें अंतरिक्ष गोलार्ध भी शामिल है। और हर किसी का अपना-अपना। जब समय की कमी होती है, तो अजीब तरह से अधिकतम काम पूरा हो जाता है। जब समय की कमी नहीं होती है, तो काम कभी शुरू भी नहीं होता है।

